प्रेस नोट
दिनांक – 09.02.2026
जनपद – गोण्डा

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में छात्र पुलिस अनुभावात्मक अधिगम कार्यक्रम (SPEL) के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को व्यावहारिक पुलिस जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया-

आज दिनांक 09.02.2026 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में Student Police Experiential Learning (SPEL) Program के तृतीय चरण (फेज-3) का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है । उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत माह दिसम्बर 2025 से माह फरवरी 2026 तक “माई भारत पोर्टल” पर पंजीकृत एवं चयनित छात्र-छात्राओं को पुलिस व्यवस्था से संबंधित व्यावहारिक एवं अनुभवात्मक जानकारी प्रदान किए जाने के निर्देश निर्गत किए गए हैं । जारी निर्देशों के क्रम में छात्र पुलिस अनुभावात्मक अधिगम कार्यक्रम (SPEL) के अंतर्गत चयनित छात्र-छात्राओं को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, गोण्डा में आमंत्रित किया गया, जहाँ पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा छात्र-छात्राओं से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त करते हुए संवाद स्थापित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा छात्र-छात्राओं को कानून एवं आपराधिक प्रक्रिया, आपराधिक अनुसंधान की मूल अवधारणाएँ, साइबर अपराध एवं उससे बचाव के उपाय, यातायात नियंत्रण एवं सड़क सुरक्षा नियम, महिला एवं बाल अपराधों की रोकथाम, नशा मुक्ति अभियान, नागरिक-पुलिस समन्वय तथा पुलिस के सामाजिक दायित्वों के संबंध में विस्तृत एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा छात्र-छात्राओं को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली, प्रशासनिक दायित्वों एवं अनुशासित जीवन शैली से अवगत कराते हुए यह भी बताया गया कि समाज में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जागरुक नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कानून के प्रति सम्मान रखने, अनुशासन का पालन करने तथा समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं में पुलिस व्यवस्था के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने, सामाजिक चेतना जागृत करने एवं भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना को सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया।

मीडिया सेल, गोण्डा।